तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 फरवरी 2026

12 आहलुवालिया बिल्डिंग में सड़क निर्माण को लेकर ...


12 खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया ..


## खबर संक्षेप

### छात्र से मोबाइल और 1500 रुपये लूटे

**यमुनानगर।** थाना सदर जगाधरी क्षेत्र के खारवन गांव में सुघ गांव निवासी 12वीं के छात्र से तीन बदमाशों ने मोबाइल व 1500 रुपये लूट लिए। घटना के समय छात्र अपने दोस्त से मिलकर घर लौट रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सुघ निवासी हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बूड़िया के निजी स्कूल में 12वीं का छात्र है। 20 फरवरी की रात को करीब एक बजे वह बाइक पर खारवन बलाचौर रोड स्थित भट्ठों के पास दोस्त से मिलने गया था। तभी बाइक सवार तीन युवक आए और उसकी जेब से मोबाइल व 1500 रुपये निकाल कर ले गए।

### कनाडा भेजने के नाम पर हड़पे ढाई लाख रुपये

**यमुनानगर।** कनाडा भेजने के नाम पर चंडीगढ़ के व्यक्ति से ढाई लाख रुपये हड़प लिए गए। फिर और पैसे मांगने पर उसे पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। चंडीगढ़ के सेक्टर-45 निवासी गोतम भार्गव ने बताया कि वह एक व्यक्ति किसी से फोन पर विदेश भेजने के बारे में बात कर रहा था। फोन कटने पर व्यक्ति को बताया कि वह भी कनाडा जाना चाहता है। तब व्यक्ति ने एक मोबाइल नंबर दिया। उस नंबर पर पुराना हमीदा के रोहन से बात हुई। रोहन ने बताया कि लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। कहा कि कनाडा के लिए दस लाख रुपये लगेंगे। बहकावे में आकर आरोपियों को ढाई लाख रुपये दे दिए। जब पैसे मांगे तो आरोपियों ने बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देने लगे।

### मुनाफे का झांसा देकर व्यक्ति से हड़पे 13 लाख

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने किताबों को एचटीएमएल में कंवर्ट कर मुनाफे का झांसा गांव सीलीकलां निवासी अरूण कुमार से 13 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सीलीकलां निवासी अरुण कुमार ने साइबर क्राइम थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** बैटरी और नकदी चोरी के मामले में सीआईए टू ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता हरविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया था कि 23/24 जनवरी 2026 को चोरों ने उनकी इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर तोड़कर वहां से बैटरियां और नकदी चोरी कर ली थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रॉबिन ,प्रदीप कुमार, सुरजीत के तौर पर हुई है। आरोपियों को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### शटर उखाड़कर नकदी व दो क्विंटल सरसों चोरी

**अंबाला।** अंबाला शहर की अनाज मंडी में चोरों ने दुकान नंबर 16-बी को निशाना बनाते हुए 45 हजार की नकदी व दो क्विंटल सरसों चोरी कर ली। शातिर चोर दुकान का पिछला शटर उखाड़कर दाखिल हुए थे। पीड़ित आढ़ती हरजिंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हरजिंद्र सिंह ने बताया कि अनाज मंडी में उनकी 16-बी नंबर की दुकान है। सीजन न होने के कारण वह रात को दुकान बंद कर घर चले जाते हैं। 23 फरवरी की रात को भी वह दुकान बढ़ाकर घर गए थे। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे आकर देखा तो दुकान का पिछला शटर टूटा हुआ था।

### हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का तीन दिवसीय महापड़ाव खत्म

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील हो रद्द, किसान संगठनों ने फूंका सरकार और ट्रंप का पुतला

**किसानों ने एडीसी को मुख्मंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन भी सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों ने जिंदल चौक के समीप धरने के तीसरे दिन बुधवार को अमेरिकी भारत के बीच हुई ट्रेड डील के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठन की ओर से जहां मंगलवार देर सांय मशाल मार्च निकाला गया वही बुधवार को किसानों ने सरकार और ट्रंप के पुतले फूंके और सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान किसानों ने एडीसी अमित आर्य को मुख्मंत्री हरियाणा के नाम मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। किसानों ने ट्रेड डील को रद्द करने, एक अप्रैल से गेहूं खरीद की मांग, कर्जा मुक्त करने व आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमें रद्द करने सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद किसानों का तीन दिवसीय महापड़ाव समाप्त हो गया। अब 26 मार्च को चंडीगढ़ में किसान भवन में सेमिनार होगा और सेमिनार के बाद राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



कुरुक्षेत्र। सरकार और ट्रंप का पुतला फूंककर रोष जताते किसान। फोटो : हरिभूमि

#### ट्रेड डील किसानों, डेयरी व्यापारियों और दुकानदारों के लिए नुकसानदेह साबित होगी

मीडिया से बातचीत करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि यह ट्रेड डील भारत के किसानों, डेयरी किसानों, छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अमेरिकी दबाव के आगे झुककर देश के हितों से समझौता किया है। किसान नेताओं के अनुसार, जो सरकार खुद को 'विश्व गुरु' बताती थी, वह आज अमेरिका के सामने पूरी तरह से सरेंडर कर चुकी है। किसानों ने इस मुद्दे पर सभी संगठनों से एकजुट होने की अपील भी की। मंगलवार रात्रि खुले आसमान के नीचे, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों में ही किसानों ने रात गुजारी। वहीं सड़कों पर ही खाना पकाया।

#### किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए

बुधवार को धरना स्थल पर किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए। किसानों का नेतृत्व भाकियू शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी, जगदीप सिंह ओलख, प्रिंस वड़ैच, बहादुर मेहला, संजू नंबरदार, संजीव आलमपुर, मंदीप नथवान, लखविंद्र ओलख, उम्मेद लोहान, अशोक बल्हारा, जगबीर कसौला ने किया। किसान नेताओं अमरजीत सिंह मोहड़ी, प्रिंस वडैच ने कहा कि इस समझौते को लेकर देश की जनता को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

### भारतीय मजदूर संघ का करनाल में प्रदर्शन



**करनाल।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों ने मंगलवार को करनाल के कर्ण पार्क में एकत्रित होकर श्रम कानूनों में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री, श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष पवन कुमार और जिलामंत्री सुरेंद्र प्योंत ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि संघ का 21वां त्रिदिवसीय अधिवेशन 6, 7 और 8 फरवरी को भगवान जगन्नाथ की पावन नगरी पुरी (उड़ीसा) में आयोजित हुआ था। अधिवेशन में देशभर के श्रमिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। उन्होंने कहा कि अधिवेशन से पूर्व संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीय से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा था। मंत्री द्वारा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया, किंतु अब तक ठोस परिणाम सामने नहीं आए। इसके चलते प्रत्येक जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

### शाहाबाद में जीटी रोड पर दुर्घटना

# कुरुक्षेत्र सड़क हादसे में मामा की मौत, भांजा बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में जीटी रोड पर तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रहे मामा-भांजे को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मामा सड़क किनारे लगी ग्रिल से टकराकर नीचे गिर गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर कार लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पहचान प्रवीण कुमार (40) निवासी रामनगर शाहाबाद के रूप में हुई। प्रवीण कुमार अपने भांजे गुलशन के साथ कैटरिंग का काम करता था। कल मंगलवार को प्रवीण अपने भांजे के साथ रामनगर से शाहबाद की तरफ पैदल जा रहे थे। दोनों मारकंडा पुल के पास पहुंचे थे। जैसे ही वे जीटी रोड पर चढ़े, प्रवीण आगे चल रहा था और गुलशन उसके पीछे था। गुलशन निवासी रामनगर ने पुलिस को बताया कि अचानक सफेद रंग की मारुति कार तेज स्पीड में आई, जिसने प्रवीण के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। प्रवीण सड़क के नीचे गिर गया। ड्राइवर थोड़ी देर के लिए रुका, लेकिन फिर मौके से कार लेकर भाग गया। हादसे में प्रवीण के सिर, मुंह, गर्दन और दाहिनी टांग पर गंभीर चोटें आईं। उसे सरकारी अस्पताल शाहाबाद पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया।

### जगाधरी के महेश नगर की घटना

# खंडहर से युवक का शव मिला, नशे का आदी था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला जगाधरी हाईवे पर स्थित महेश नगर क्षेत्र में बुधवार को एक खंडहर मकान के भीतर एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान प्रिंस (25 वर्ष) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक लंबे समय से नशे की लत से जूझ रहा था। प्रिंस के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, वह घर का इकलौता बेटा था और उसकी तीन बहनें हैं। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रिंस की बहनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। बताया जा रहा है कि प्रिंस काफी समय से नशे का आदी था जिसके कारण वह अक्सर घर से बाहर सुनसान जगहों पर चला जाता था। बुधवार को राहगीरों ने हाईवे किनारे बने एक खंडहर मकान में युवक को बेसुध देखा। जिसकी सूचना तुरंत महेश नगर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि युवक की मौत हो चुकी है।

### अंबाला: हाईवे पर ओवरटेक के दौरान ट्रैक्टर-कैंटर भिड़े, मजदूरों ने कूदकर बचाई जान



**शहजादपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 72 शहजादपुर मार्ग पर गांव बड़ागढ़ के नजदीक राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने हुई सड़क दुर्घटना में एक कैंटर ने एक ट्रैक्टर को अपनी चपेट में लिया। इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई लेकिन ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक अजय वासी कुराली ने बताया कि वह गांव बल्लोपुर से गन्ने का बीज लेकर ट्रैक्टर बुग्गी पर सौंतली जा रहा था। पीछे से तेज रफ्तार से आए कैंटर ने उसे ओवरटेक करते हुए उसके ट्रैक्टर को अपनी चपेट में ले लिया। उसने बताया कि ट्रैक्टर पर उसके साथ बैठे मजदूरों ने भी कूदकर जान बचाई7 गनीमत ये रही कि किसी को कोई चोट नही आई लेकिन उसके ट्रैक्टर का काफी नुकसान हो गया। चालक चंद्रपाल ने बताया कि वह नारायणगढ़ सीमेंट उतारकर शंभू जा रहा था। ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय लगा सामने से वाहन आ गया जिससे बचाने के चक्कर वह ट्रैक्टर से भिड़ गया।

### पानीपत में कट्टे के साथ बिहार का युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने परढाना से नैन गांव को जाने वाली सड़क पर को मोती कुमार पुत्र राजकुमार निवासी बसोना जिला सहरसा, बिहार को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी मोती कुमार के खिलाफ थाना इसराना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी से बरामद हथियार केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया। जबकि कोर्ट ने विजय को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### करनाल में उबर ड्राइवर की गला घोंटकर हुई हत्या

# पश्चिमी यमुना नहर किनारे मिला युवक का शव

■ दिल्ली से बुक की थी कैब, घरौंडा तक ट्रेस हुई लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले में पश्चिमी यमुना नहर की पटरी के पास स्टोंडी गांव क्षेत्र में झाड़ियों के बीच एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिल्ली के भलस्वा डेयरी निवासी 22 वर्षीय शाह रुख खान के रूप में हुई है, जो उबर चालक था। वह सवारी लेकर कैमला गांव गया था और उसके बाद से लापता हो गया था। परिजनों ने हत्या और लूट की आशंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, 23 फरवरी को दोपहर 1 बजकर 4 मिनट पर शाहरुख ने उबर राइड लेकर करनाल के पास कैमला गांव के लिए प्रस्थान किया था। उबर ऐप के मुताबिक राइड 3 बजकर 06 मिनट पर पूरी हो गई। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और किसी से संपर्क नहीं हो पाया। वह सफेद रंग की कार चला रहा था।

#### मोबाइल लोकेशन से मिला सुराग

परिजनों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से उसकी लोकेशन ट्रेस की, जो पहले कैमला गांव और फिर स्टोंडी गांव के पास नहर किनारे दिखी। कुछ देर बाद मोबाइल की लोकेशन भी बंद हो गई। देर शाम तक कोई जानकारी न मिलने पर परिवार दिल्ली लौट गया।

#### अगली सुबह झाड़ियों में मिला शव

24 फरवरी की सुबह परिजन दोबारा करनाल पहुंचे और संभावित स्थानों पर तलाश की। स्टोंडी गांव के पास नहर किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। कपड़ों से पहचान होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। थाना सदर पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

**कार और मोबाइल गायब:** परिजनों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने हत्या कर कार और मोबाइल लूट लिए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल भेज दिया है और उबर राइड डिटेल, मोबाइल लोकेशन व आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### कुरुक्षेत्र में ट्रेन से उतरते समय गिरकर यात्री की जान गई

**कुरुक्षेत्र।** जिले में शाहाबाद और मोहड़ी स्टेशनों के बीच ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत हो गई। उसका शव दोनों ट्रैक के बीच में पड़ा मिला। सुबह राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्ट के लिए भेज दिया। ट्रेन से उतरने के दौरान शायद बैलेंस बिगड़ने से यात्री नीचे गिर गया। जीआरपी के मुताबिक, घटना रात करीब 1 बजे की है। ट्रेन अंबाला की तरफ जा रही थी। सुबह करीब 6 बजे रेलवे कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। अभी युवक की पहचान हो पाई है, लेकिन युवक बिहार साइड का लग रहा है। इसकी उम्र करीब 25 साल की लग रही है। एएसआई विकास कुमार ने बताया कि यात्री पीली पैंट, नीली बनियान और हल्की नीली शर्ट पहनी हुई थी। ऊपर से मटमैले रंग की जर्सी और लाल-हरी बेल्ट भी डाली हुई थी। यात्री की जेब से कोई टिकट नहीं मिली। हादसा ट्रेन से गिरने की वजह से ही हुआ है।

### लकड़ी सप्लाई की फर्जी पर्चियां देकर कारोबारी से हड़पे 55.21 लाख रुपये

**यमुनानगर।** जगाधरी की लकड़ मंडी में प्लाईवुड फैक्ट्री में लकड़ी सप्लाई की फर्जी पर्चियां देकर लकड़ कारोबारी से 55.21 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप यूपी के सहारनपुर के गांव माझीपुर निवासी आदित्य पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की होनियान गली निवासी शुभम गर्ग ने बताया कि वह कई वर्षों से जगाधरी की लकड़ी मंडी में लकड़ी खरीद कर प्लाइवुड फैक्ट्रियों में सप्लाई करने का काम करता है। उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव माझीपुर निवासी आदित्य जगाधरी की टिम्बर मार्केट से जुड़ा हुआ था। आदित्य लकड़ी मंडी में वर्षों से कार्यरत था। इसलिए उसकी आरोपी से जान पहचान थी। आदित्य के जरिए उसने 25 फरवरी 2025 से 16 सितंबर 2025 तक विभिन्न प्लाईवुड फैक्ट्रियों में लकड़ी भेजी। जिसकी आदित्य उन्हें पर्चियां लाकर देता रहा। इसके बदले आदित्य को 49 लाख 21 हजार 639 रुपये दिए। साथ ही आदित्य छह लाख रुपये नकद भी लेगया था।

### ब्याज समेत पैसे लौटाने के बावजूद जेवर व फोन हड़पने का आरोप

**यमुनानगर।** जिले के सरस्वती नगर निवासी गुरविंदर कौर ने कस्बे के सुनार अमित वर्मा पर एक प्रतिशत मासिक ब्याज की बात कहकर पांच प्रतिशत मासिक ब्याज लेने, पैसे ब्याज समेत लौटाने के बावजूद सोने, चांदी के जेवर व एप्पल का फोन हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुनार के खिलाफ के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरविंदर कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे अपने निजी काम के लिए दो लाख 30 हजार रुपये की जरूरत थी। सरस्वती नगर में सुनार की दुकान करने वाले गांव धीन निवासी अमित वर्मा के साथ हुई। वह अपने सोने चांदी के जेवर बेचकर अपना निजी कार्य करना चाहती थी। इस दौरान उसने आरोपी अमित वर्मा पर फोन किया। अमित वर्मा ने उसे मिलने के लिए जगाधरी वर्कशॉप की गुरु तेग बहादुर चौक पर बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए आई तो उसने आरोपी को अपने सोने चांदी के जेवरात दिखाएं वे भी हड़प लिया।

### यमुनानगर में प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के नशीले कैप्सूलों के साथ दो गिरफ्तार



**यमुनानगर।** प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के हजारों रुपये के नशीले कैप्सूल लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहे दो आरोपियों को एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई राजिंदर, पंकज और ललित की टीम द्वारा हथनी कुंड बैराज के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान टीम को मोटरसाइकिल पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। टीम ने तुरंत मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को रोककर जांच की गई। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दोनों युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवकों से प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 825 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान नगली निवासी परवेज व मंगलौर निवासी रणधीर के रुप में हुई। सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी अपनी बाइक पर यूपी से प्रतिबंधित दवाइयां लेकर आ रहे थे और वह इन्हें स्थानीय युवाओं को बेचने जा रहे थे।

### रोमानिया भेजने के नाम पर पांच लाख की ठगी, तीन पर केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी के बोह गांव के रहने वाले कमल शर्मा से रोमानिया भेजने के नाम पर 4.86 लाख की ठगी हो गई। पीड़ित कमल शर्मा ने आरोप लगाया कि तीन एजेंटों ने उसे रोमानिया व अल्बानिया भेजने का झांसा देकर पैसे ठगे। महेश नगर थाना पुलिस ने अयाश ठाकुर उर्फ साहिल, सिकंदर सिंह, दुर्गेश कुमार पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सूर्य नगर के कमल शर्मा ने बताया कि उन्होंने अक्तूबर 2024 में कैथल के अयाश ठाकुर व लुधियाना के सिकंदर सिंह व दुर्गेश कुमार को ऑनलाइन व नकद यह राशि दी थी।

### बसों के दस्तावेज, फिटनेस प्रमाणपत्र, प्राथमिक उपचार किट की जांच

# सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली 4 स्कूल बसों पर कार्रवाई, 30,500 रुपये के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) प्रदीप कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने बुधवार को निजी स्कूलों की बसों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया। सहायक अधीक्षक विनोद कुमार और एमवीआई जितेंद्र शर्मा की संयुक्त टीम ने नौ स्कूल बसों की गहन जांच की। चेकिंग के दौरान बसों के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस प्रमाणपत्र, प्राथमिक उपचार किट तथा अग्निशमन यंत्रों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच में चार बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और तकनीकी कमियां पाई गईं। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित बसों के मौके पर ही कुल 30



हजार 500 रुपये के ऑनलाइन चालान किए गए। इनमें से एक निजी स्कूल ने 500 रुपये का चालान तुरंत जमा करवा दिया। उन्होंने स्कूल के वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना ही होगा।

#### भविष्य में नियमों की अनदेखी न करने के निर्देश दिए

> स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि सभी वाहन परिवहन विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।
> -प्रदीप कुमार एसडीएम

# करनाल: फर्जी शादी कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**तीन महिलाएं गिरफ्तार, नकदी और सोने के जेवरात बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल पुलिस ने फर्जी शादी कर सीधे-साधे लोगों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाएं पहले शादी करतीं, फिर दो-तीन दिन ससुराल में रहकर गहने और नकदी लेकर फरार हो जाती थीं। पुलिस ने 23 फरवरी को शाहजादी उर्फ कोमल और सीमा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीसरी महिला रेखा देवी का नाम सामने आया, जिसे 24 फरवरी को काबू किया गया। तीनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

#### ऐसे करती थीं ठगी

पुलिस के अनुसार, तीनों अलग-अलग कॉलोनियों में रहकर नए रिश्ते तय करती थीं। रिश्ता तय करते समय वे एक-दूसरे को बहन बताती थीं ताकि शक न हो। शादी के बाद मौका देखकर नकदी और जेवर लेकर फरार हो जाती थीं।

#### 78 हजार रुपये और जेवरात बरामद

पूछताछ के दौरान कुल 78 हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी और मंगलसूत्र बरामद किया गया। शाहजादी उर्फ कोमल के कब्जे से 60 हजार रुपये और फर्जी आधार कार्ड की फोटो कॉपी, सीमा से 13 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन, जबकि रेखा देवी से 5 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य संभावित साथियों की भी तलाश की जा रही है और आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### भारत की भूमि संतों-फकीरों की, जिससे देश गौरवान्वित : शिव नाथ

**नीलोखेड़ी।** श्री सिद्ध योगी बाबा मस्तनाथ जी के वार्षिक मेला एवं भण्डारे के आयोजन अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता शिव नाथ कपूर ने कहा कि भारत की भूमि पर जहां भगवान अवतरित होते हैं वहीं भारत की भूमि गुरुओं एवं संत फकीरों की भूमि जिससे भारत में जन्म लेने वाला हर जीव सौभाग्यशाली है शिव नाथ कपूर ने कहा कि भारत का विश्व में जो सम्मान है उसमें संत समाज का बहुत बड़ा योगदान है शिव नाथ कपूर ने कहा कि हमें संतों के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, इसी में जीव की आध्यात्मिक उन्नति भी संभव है।
इस अवसर पर बाबा मस्त नाथ जी समिति द्वारा शिव नाथ कपूर,पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सतनाम सिंह, पार्षद मुकेश सिरसवाल सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का सरौपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया तथा विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ

# 30 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने दी जिले के 77 केंद्रों पर परीक्षा




**दसवीं की परीक्षाएं 26 से 20 मार्च तक होंगी, डीसी ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज >> करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं जिले में शांतिपूर्ण एवं नकल रहित वातावरण में प्रारंभ हो गई हैं। बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक तथा दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 26 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित होंगी।
लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बारहवीं में 14,333 तथा दसवीं में 15,990 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।
नकल रोकने के लिए विभिन्न स्तरों पर 15 उड़नदस्तों का गठन किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल दूरभाष और डिजिटल घड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।
बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, नगर दंडाधिकारी मोनिका शर्मा तथा जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपमंडल अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**करनाल।** उपमंडल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बारहवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा, घीड तथा बड़ागांव में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पेयजल तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाएंगी।



## खबर संक्षेप



### राजकीय महाविद्यालय में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के संगणक विज्ञान विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने छह दलों के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक रही। प्रश्न संगणक विज्ञान, समसामयिक विषयों तथा सामान्य ज्ञान पर आधारित थे। गतिविधि प्रभारी डॉ. नितिका अरोड़ा ने कुशल संचालन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. रितु जगलान ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आयोजन में नवीन मोंगा, अन्नू, रविंदर, नीतू, अभिनव, नेहा, पूनम तथा नवदीप का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में सतविंदर सिंह, वंशिका और दिव्या के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि करण, अंकित और रोहित के दल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।



### गीता अध्ययन व गऊ सेवा का संदेश दिया

**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल द्वारा पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे। अपने आशीर्वचनों में स्वामी ज्ञानानंद जी ने गीता अध्ययन, गऊ सेवा तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है और बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार देना आवश्यक है। महोत्सव के सातवें दिन हिमांश अरोड़ा, रजनी सरगम तथा विक्की सूफी ने भजनों की प्रस्तुति दी। अनेक श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



### कौशल विकास शिविर आयोजित

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा "कौशल विकास" विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कर्मजीत कौर ने शिविर का उद्देश्य स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित टीम ने स्वयंसेविकाओं को व्यवसायिक विकल्पों, सौंदर्य सज्जा तथा केश देखभाल से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।



### किसानों की अनदेखी प्रशासन को पड़ेगी भारी

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में गांव सोहाना के समीप रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर चल रहा धरना बुधवार को 20वें दिन में प्रवेश कर गया। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने जिला प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा प्रशासन को नोटिस भी दिया जाएगा। धरनास्थल पर किसान नेता नफे सिंह तावड़े दादुपुर ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह संघर्ष क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और आम लोगों के भविष्य से जुड़ा है। आधे-अधूरे आश्वासनों से किसान संतुष्ट नहीं होंगे और सर्विस लेन बनने तक धरना जारी रहेगा। किसानों ने प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के खिलाफ रोष जताते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरने में श्याम सिंह मान, बाबूराम शर्मा, पवन मान, अमृत मान, मनीष बैनीवाल, ओम प्रकाश शेखपुरा, महेंद्र मंढाण, विक्रम शर्मा, चांदवीर, देवेंद्र सांगवान, राजेंद्र कुमार राणा, दीपक शर्मा, मनीष बदरहण, जसमेर बदरहण, रामकुमार जोगी, पवन काजल, प्रकाश देशवाल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



### विस घेराव को निकले कांग्रेसी

**करनाल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत करनाल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए रवाना हुए। शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके पश्चात सभी कार्यकर्ता संगठित रूप से प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। पराग गाबा ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण व मजदूर वर्ग के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कटौती और भुगतान में देरी से मजदूरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस मौके पर जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर सिंह विर्क, तरुण चौहान, प्रहलाद सिंह संधू, दीपक महाजन, विनोद तीतोरिया, सुरेश चौधरी, सुरेंद्र नंबरदार, शेर सिंह डबरी, युवराज सिंह बट्टी, भारत ढिल्लों, गुरमीत सिंह, संजय कालडा, परवीन पुनिया, दीपक चौधरी, पृथ्वी भट्ट, हरपाल कलामपुरा, नवनीत रंधावा, रिशपाल सिंह डबरी, गुबिन्दर कौर, राकेश डाकवाला, सचिन मंडल, रमेश्वर कश्यप, बिट्टू कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तरावड़ी में हटवाया अतिक्रमण

**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर से पुलिस बल के साथ दुकानदारों का अतिक्रमण के रूप में रखा सामान हटवाया और साथ में चालान भी किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के चलते और एनसीटी की सख्त हिदायतों के अनुसार शहर की सडकों को अतिक्रमण मुक्त बनाना, नालियों गलियों को कचरा मुक्त बनाना, पॉलिथीन की जगह पर जूट व कपड़े के थैलों का प्रयोग करना इत्यादि को लक्ष्य बनाकर शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य करते रहना है। करनाली गेट रोड पर पर लगने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए कथित प्रयास किए गए। इस प्रयास में पुलिस बल का भी सहयोग लिया गया।

### खाटू श्याम मंदिर में छह दिवसीय फाल्गुन महोत्सव आज से

**तरावड़ी।** शहर के लत्या सिंह कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में पहली बार छह दिवसीय भव्य फाल्गुन महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन बाबा श्याम का अलौकिक एवं मनोहारी श्रृंगार, मधुर भजन संध्या, संकीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संरक्षक प्रमोद बंसल व विनीत बंसल जानकारी देते हुये बताया कि महोत्सव 25 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। प्रतिदिन सायं 5 बजे से 8 बजे तक श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। अंतिम दिन 2 मार्च को विशेष आकर्षण के रूप में पुष्प वर्षा, रंगारंग होली उत्सव एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें समस्त शहरवासियों को आमंत्रित किया गया है। संस्था के प्रधान विनीत बंसल ने बताया कि यह महोत्सव भक्ति, श्रद्धा और आनंद का अद्भुत संगम होगा। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर श्री खाटू श्याम परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं और मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है।





### होली के रंग कान्हा के संग कार्यक्रम 3 मार्च को

**तरावड़ी।** दया सेवा समिति तरावड़ी द्वारा आगामी 3 मार्च को नगर पालिका रोड स्थित भवन में होली के रंग कान्हा के संग का भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फूलों की होली के रूप में आयोजित इस उत्सव में श्रद्धालु भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे भजन-कीर्तन से होगी, जबकि दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका मालरा श्री बांके बिहारी के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में भाव-विभोर करेंगी। इसके इलावा सुन्दर सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की जायेगी। आयोजन के दौरान राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की वर्षा कर होली खेली जाएगी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो उठेगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं को वृंदावन की फूलों वाली होली का आनंद तरावड़ी में ही उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे, जिनमें आरएल ग्रुप के सीएमडी रोशन लाल गुप्ता, ज्योति इंटरप्राइजेज के अनिल गुप्ता, चारू ट्रेडिंग कंपनी के सुरेंद्र बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल तथा नगर पालिका सचिव अजीत कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस होली महोत्सव का हिस्सा बनने तथा भजन-कीर्तन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### नीलोखेड़ी में ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी पर जोर

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि खेती-बाड़ी में सक्रिय महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलनी चाहिए। वे विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी में "ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी" विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. चौहान ने मातृभाषा के महत्व पर बल देते हुए प्रशिक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने हस्ताक्षर अपनी मातृभाषा में करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर बनने वाली योजनाएं ग्राम सभा में ही तैयार हों और प्रत्येक वर्ष ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की 65 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है, इसलिए "ग्रामोदय से भारतोदय" का मंत्र अपनाकर ही समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर संकाय सदस्य कमलदीप सांगवान, सुशील मेहता, संदीप भारद्वाज, विशेषज्ञ नीलम छिकारा, सलाहकार गुरबिंदर सिंह, सौरभ अरोड़ा, मोहित शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



### बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहें: डॉ. नैत्रपाल रावल

**करनाल।** बदलते मौसम के साथ संक्रामक और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। करनाल के डॉ. नैत्रपाल रावल हॉस्पिटल के संचालक एवं छाती रोग व मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नैत्रपाल रावल ने कहा कि इस समय टायफाइड, डेंगू, मलेरिया और आंत्रशोथ जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है।



उन्होंने सलाह दी कि लोग अधिक से अधिक पानी पिएं, बाजार के भोजन से परहेज करें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। सुबह की सैर और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से शुगर, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी बीमारियों से बचाव संभव है।

## विदेश में बसे बेटे-बेटियां करनाल में तड़पते मां-बाप

- बदहाली, बीमारी और बेख़बरी की मार ; प्रशासन के पास नहीं अकेले बुजुर्गों का पूरा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज >> करनाल

दानवीर कर्ण की नगरी में एक ऐसा सच सामने आया है, जो सामाजिक संवेदनाओं को झकझोर देता है। जिन माता-पिता ने अपने बच्चों को संघर्षों के बीच पढ़ाया-लिखाया, ऊंची नौकरियों तक पहुंचाया और विदेश की धरती पर बसाया, वही आज अपने ही घरों में अकेलेपन, बीमारी और उपेक्षा की पीड़ा झेल रहे हैं। कुछ मामलों में मौत के बाद कई दिनों तक शव बंद कमरों में पड़ा रहता है, जब सड़ांध दीवारों को चीरकर बाहर आती है, तब जाकर आसपास के लोगों को भनक लगती है। ऐसे ही एक मार्मिक मामले ने शहर को झकझोर दिया—मीरा घाटी क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हरकृष्ण सिंह की दयनीय स्थिति उजागर हुई। पड़ताल में सामने आया कि शहर के सुभद्रा वृद्धाश्रम और निर्मल धाम में कुल 76 बुजुर्ग रह रहे हैं, जिन्हें परिजनों ने ठुकरा दिया या परिस्थितियों ने आश्रय गृह तक पहुंचा दिया। वहीं अपना आशियाना आश्रम में 275 बुजुर्गों के रहने की पुष्टि हुई है। परिवार पहचान पत्र के आंकड़ों के अनुसार 558 व्यक्ति ऐसे हैं जो अपने घर में अकेले सदस्य के रूप में दर्ज हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रशासन के पास उन बुजुर्गों का अलग से कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिनके बच्चे विदेश में बस चुके हैं और वे गांवों या शहर की कोठियों में अकेले जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

- सरस्वती विद्या मंदिर इंद्री में विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज >> इंद्री



जिला बाल संरक्षण इकाई करनाल के सौजन्य से सरस्वती विद्या मंदिर इंद्री में विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। संरक्षण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के अंतर्गत कार्यरत यह इकाई 18 वर्ष तक के जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बच्चों को आवश्यकता पडऩे पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम में काउंसलर डॉ. पूनम शर्मा, सुमन, निधि वाधवा, पूनम व अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, चाइल्ड मैरिज, गुड टच-बैड टच तथा सामाजिक अपराधों के विषय में सरल भाषा में समझाया। डॉ. पूनम शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि साहसपूर्वक अपनी बात अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाएं। विद्यालय में बच्चों को दुराचार, अत्याचार और यौन शोषण से बचाव हेतु पास्को एक्ट 2012 की विस्तृत जानकारी दी।

## धर्म-कर्म

### कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा

# दान, विनम्रता और समर्पण ही मनुष्य को बनाते हैं महानः आरती

- श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रहलाद, वामन अवतार व राम-कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों से भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज >> तरावड़ी





**तरावड़ी।** कथा सुनते हुए श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष तथा व्यास पीठ विराजमान कथा वर्णन करती कथा व्यास आरती किशोरी। *फोटो : हरिभूमि*

नगर पालिका रोड स्थित भवन में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे दिन कथा व्यास पूज्या आरती किशोरी (श्रीधाम वृंदावन) ने प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्री राम जन्मोत्सव एवं श्री कृष्ण जन्म के पावन प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।
कथा व्यास ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार असुर राज हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बीच भी बालक प्रहलाद ने भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास के सामने बड़ी से बड़ी विपत्ति भी टिक नहीं सकती। भगवान नरसिंह के प्राकट्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके उपरांत वामन चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने वामन अवतार लेकर राजा बलि के अभिमान का हरण किया और तीन पग में समस्त ब्रह्मांड नाप लिया। इस प्रसंग के माध्यम से संदेश दिया गया कि दान, विनम्रता और समर्पण ही मनुष्य को महान बनाते हैं। कथा के दौरान श्री राम जन्मोत्सव का प्रसंग भी बड़े उत्साह से मनाया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम के जन्म का वर्णन हुआ, श्रद्धालुओं ने खड़े होकर जयकारे लगाए और पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कथा व्यास ने बताया कि भगवान राम का अवतार धर्म की स्थापना और मर्यादा के संरक्षण के लिए हुआ।
इसी क्रम में श्री कृष्ण जन्म का पावन प्रसंग सुनाया गया। मथुरा की कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, वासुदेव द्वारा उन्हें गोकुल पहुंचाने तथा नंद उत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन गाकर आनंद उत्सव मनाया। कथा पंडाल कृष्ण जन्म के अवसर पर गुब्बारों सजाया गया, पंडाल की सजावट देखते ही बनती थी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कथा आयोजक संजय बंसल, मांगे राम बंसल, कृष्ण चन्द सिंगला, रिशी बंसल, प्रदीप बंसल, अनिरूद्ध बंसल, मंथन बंसल, सुरेंद्र बंसल, अशोक बंसल, सुशील कुमार गुप्ता, संजय सिंगला, वेद सलूजा, विरेन्द्र बंसल, योगेश मिडडा, विजय सिंगला, नरेश गर्ग, रोशन लाल गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, हंसराज पाहुजा, यशपाल शर्मा, गुप्ता, संदीप गुप्ता, विपिन छाबड़ा, सचिन गर्ग, केवल मोंगा, सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा का ट्रेनिंग कैंप आज

**पानीपत।** भाजपा विश्व का सबसे बड़ा ऐसा राजनीतिक संगठन है जो हमेशा चुनाव जैसी तैयारियों में लगा में रहता है। इसी कड़ी में 26 फरवरी को श्याम कमल कार्यालय में पंडित दीन दयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने बताया कि इस कार्यशाला में भाजपा के टिकट पर चुने गए जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मानवता के विरुद्ध है प्लास्टिक : मनीषा

**पानीपत।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजीजुल्लापुर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के तत्वावधान में प्लास्टिक से होने वाली हानियों बारे जागरूकता अभियान हुआ। मुख्य अतिथि डाइट से एसोसिएट प्रो.डॉ मनीषा रही। जिनका मुख्य अध्यापक रामकरण व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। डॉ.मनीषा कादियान ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक से होने वाली हानियों के बारे में बताते हुए कहा कि नागरिकों को प्लास्टिक का त्याग करा चाहिए।

### चुलकाना रोड का निर्माण शुरू

**समालखा।** लंबें समय से अधूरे पड़े चुलकाना रोड का विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा निर्देशों से कायाकल्प शुरू हो गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया है। विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि चुलकाना रोड सहित गांव में चल रहे विकास कार्यों से गांव की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि समालखा विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही मेरी राजनीति का एकमात्र संकल्प है।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों विशाल निवासी विकास नगर, व अलतमास निवासी कृष्णपुरा, पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज राकेश ने बताया कि आरोपियों ने बरामद चोरी की बाइक को गत वर्ष दिसंबर में मित्तल मेगा मॉल के पास से चोरी करना स्वीकारा है। वहीं, बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में शिव नगर, कृष्णपुरा निवासी सौरभ की शिकायत पर केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी विशापल पर पहले की बाइक चोरी के तीन आपराधिक केस दर्ज है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की नशा मुक्त टीम ने बुधवार को गांव बिंझौल व महराणा गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक किया। पुलिस टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर प्रदान करें

# नारी सशक्तिकरण से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : आर्य



**पानीपत।** देवी लाल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुमन लता, मुख्याथिति आर्य रणदीप कादियान का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत सरपंच एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है। वहीं नारी शिक्षा शतप्रतिशत होने पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित करें और विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। कादियान, बुधवार को चौधरी देवीलाल कन्या महाविद्यालय गंव सिवाह में वार्षिक खेलकूद उत्सव को बतौर मुख्याथिति संबोधित कर रहे थे। मोदी सरकार व हरियाणा की नायब सरकार, देश की तरक्की में नारी शक्ति के महत्व को समझते हुए लगातार नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे है। जबकि विशिष्ट अतिथि चौधरी जयदीप कादियान नंबरदार ने छात्राओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि लैंकिंग भेदभाव से ही देश व समाज की तरक्की रूकती है। हर परिवार को अपनी बेटी को आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। ताकि बेटियां भी शिक्षित होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सके। नारी सशक्तिकरण से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इधर, खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। जबकि आर्य रणदीप कादियान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि जीत व हार इंसान के जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय है।

**ये मौजूद रहे**

जीत पर घमंड नहीं करना चाहिए और हार से निराश नहीं होना चाहिए। हार इंसान को भविष्य की जीत का अनुभव करवाती है। इधर, रणदीप कादियान ने 21 हजार रुपये व कबड्डी टीम की छात्रों के लिए किट, शूज व मैट देने की घोषणा की। दूसरी ओर, छात्राओं ने खेल उत्सव में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुमन लता, बेस्ट एथलीट ज्योति, प्रो. प्रियंका, खेल कोच रेनु, पीटीआई कुलदीप व सुखबीर आदि शिक्षक, छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में बिछवाया जाए सिंथेटिक ट्रैकः विज

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को पानीपत शहर के विधायक प्रमोद विज ने मॉडल टाउन के शिवाजी स्टेडियम में आधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछवाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि शिवाजी स्टेडियम में जिले भर से खिलाड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करते हैं। विश्व में भारत और हरियाणा का नाम रोशन करने वाले ओलंपियन खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी इसी मैदान में अभ्यास करते थे। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी है। वहीं, सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण होने से पानीपत की महिला व पुरूष खिलाडियों को विश्व स्तरीय सुविधा प्राप्त होगी और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे


प्रमोद विज

### जनगणना की होगी ट्रेनिंग

**पानीपत।** अगले वर्ष होने जा रही जनगणना के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के नेतृत्व में 10, 11, 25 मार्च 6 को प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण एवं आवास संबंधी विवरण एकत्रित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आईबी कॉलेज में एकेडमिक प्रेजेंटेशन संपन्न

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए प्रिवियस इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए एकेडमिक प्रेजेंटेशन का आयोजन किया। वहीं, विद्यार्थियों ने गहन अध्ययन, आलोचनात्मक दृष्टि और प्रभावी प्रस्तुति कौशल का परिचय दिया। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक, विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, अंग्रेजी विभाग के डॉ. निधि, डॉ. नेहा पूनिया, रेखा शर्मा, राहुल, डॉ. रेशु, दीप्ति, एकता, रोशनी ने कहा कि इस प्रेजेंटेशन ने विद्यार्थियों के भीतर साहित्यिक विश्लेषण, आलोचनात्मक चिंतन, सार्वजनिक वक्तृत्व कौशल को सुदृढ़ किया। यह शैक्षणिक चर्चा न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुई।

### बुकमार्क में रिमझिम प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य व प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजाइन ए बुकमार्क प्रतियोगिता हुई। वहीं, बुकमार्क का उपयोग किताब में किसी महत्वपूर्ण पेज या जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, ताकि उसे बाद में आसानी से दोबारा खोला या पढ़ा जा सके। वहीं, प्रतियोगिता में इश्मित व रिमझिम ने प्रथम, साक्षी व कुलदीप द्वितीय, विनीत व सन्नी तृतीय रहे। अनुज व स्नेहा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इधर, विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, अन्नू बेनीवाल ने पुरस्कृत किया।

### बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**समालखा।** बिजली कर्मचारियों ने नए एएलएम की सैलरी व सोनू एलडीसी को सस्पेंड किए जाने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। इधर, कर्मचारी नेता प्रधान मनदीप आर्य ने बताया कि नए एएलएम की की सैलरी को लेकर अभी तक संबधित अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा। जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। जबकि छाजपुर सब डिवीजन के सोनू एलडीसी को गलत तरीके से सस्पेंड किया गया है। प्रदर्शन में बिजली कर्मचारी नेता विक्रम रावल, तारीफ, राहुल, जितेन्द्र, संदीप रावल, गुलाब सिंह, राधेश्याम, शेखर, अशोक, लाजपत, सोनू आदि ने भाग लिया।

### युवक के अपहरण का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक अंकित का अपहरण कर मारपीट करने मामले में आरोपी साहिल निवासी गांव शिमला गुजरान जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार महिपाल सिंह ने बताया कि इस केस में गांव डाढोला निवासी मोहित, उत्तम, अमित उर्फ मोक्ष, मंजीत, दानिश उर्फ काला व गांव गढ़ी छाजू निवासी अभय को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना चांदनी बाग में काबड़ी रोड के अर्जुन नगर निवासी अंकित पुत्र जयभगवान की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पालिका बाजार को कोर्ट से राहत

**पानीपत।** पानीपत के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र 'पालिका बाजार' में अपनी दुकानों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे व्यापारियों के लिए न्यायपालिका से एक राहत भरी खबर आई है। नगर निगम पानीपत द्वारा दुकानों को खाली करने के लिए जारी किए गए कड़े नोटिसों पर कोर्ट ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सिविल जज हिमानी गिल की कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बिना किसी ठोस पुनर्वास योजना या वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानदारों को जबरन उनके कार्यस्थल से बेदखल नहीं किया जा सकता।

# पार्षद ने अपनी सास की आंखें दान की

■ परिवार को नेत्र दान का प्रशंसा पत्र भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा के समाजसेवी व वार्ड 11 के पार्षद पति विपिन छाबड़ा की माता कृष्णा छाबड़ा का मंगलवार रात को निधन हो गया। वहीं माता कृष्णा की इच्छा को पूरा करते हुए विपिन छाबडा ने अपनी माता की आंखों को जन सेवा दल समालखा के माध्यम से माधव नेत्र बैंक, करनाल को मानवता की सेवा के लिए दान कर दिया।

इस अवसर पर माधव नेत्र बैंक के डॉ. चंद्र, जन सेवा दल समालखा के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा, विकास साहू, संजीव खन्ना, पंकज अरोड़ा गोल्डी ने छाबडा परिवार को नेत्र दान का प्रशंसा पत्र भेंट किया। वहीं, जन सेवा दल पानीपत व समालखा के सदस्यों ने मन्नू छाबड़ा, सतीश छाबड़ा, मांगेराम छाबड़ा, निखिल कुमार, स्व. कृष्णा छाबड़ा की बेटियां रमा बंगा, मोनिका बजाज, बबीता, रेनू, अरुण बजाज, अनिल बंगा, नवीन बंगा, दीपक टुटेजा के साथ प्रभु का सिमरन किया।


**समालखा।** जन सेवा दल के पदाधिकारी विपिन छाबडा व उनके परिजनों को प्रमाण पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# डीआईटीएस के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया



**पानीपत।** डीआईटीएस के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। वहीं संघ के प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश कार्यसमिति के आह्वान पर बुधवार को सुबह से दोपहर तक सभी डीआईटीएस के कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रह। वहीं संघ का मांग पत्र को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि डीआईटीएस कर्मचारियों की सभी मांगों को प्रदेश सरकार को पूरा करना चाहिए। स्मरणीय है कि हरियाणा प्रदेश में डिजिटल प्रशासन की रीढ़ कहे जाने वाले जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी सोसायटी के अंतर्गत कार्यरत हजारों डाटा एंट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर प्रोफेशनल, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य सहायक कर्मचारी गहरी निराशा और असुरक्षा की स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं।

संघ के संगठन मंत्री हवा सिंह तंवर ने सीएम से डीआईटीएस की मांगों को पूरा करने की अपील की।

## जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति ने पद की शपथ ली


**पानीपत।** जिला परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति शर्मा को फूल भेंट करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, आदि। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** जिला परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति शर्मा को बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने पानीपत की प्रथम महिला ज्योति शर्मा को शपथ दिलाते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। जबकि जिला परिषद के सीईओ डॉ.किरण ने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र शर्मा के साथ ज्योति शर्मा को जिला परिषद प्रधान की कुर्सी पर बैठाया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पानीपत की मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, हरपाल ढांडा, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक, पूर्व मेयर अवनीत कौर आदि उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे सम्मान के साथ पूरी भव्यता से अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन करके पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ा रहे थे, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस मंच पर अर्धनग्न होकर जो भोंडा प्रदर्शन कर भारत की साख को गहरा बट्टा लगा रहे थे। नारी शक्ति इस राष्ट्र विरोधी कुकृत्य की कड़ी व घोर निंदा करती है। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा शर्मा ने लाल बत्ती सद्भावना चौक पर कांग्रेस भवन के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंकने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहे। पुतला जलाते समय भाजपा महिला कार्यकर्ता राहुल गांधी मुर्दाबाद तथा कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। नेहा ने कहा की राहुल गांधी व उनकी कांग्रेस को भारत की बढ़ती साख, इज्जत तथा सम्मान हजम नहीं हो रहा इसलिए बार-बार विदेश में जाकर भारत के विरुद्ध बातें करते हैं और अब इस एआई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इस अर्धनग्न प्रदर्शन ने तो कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी देश विरोधी असली चेहरा लोगों के सामने ला दिया है। वहीं, आंदोलन में भाजपा नेत्री पिंकी वर्मा, खुशबु खेड़ा, शीना शर्मा, संतोष ठक्कर, किरण जिंदल, पुष्पा पासी, दीपा शर्मा, कोमल शर्मा, जमेरो देवी, सुमन नरवाल, मिथलेश शर्मा आदि ने भाग लिया।


**पानीपत।** भाजपा महिला मोर्चा, राहुल गांधी का पुतला जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि


एसडी कॉलेज में जनसेवा की शपथ लेते हुए प्रशिक्षण ले रहे युवा। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पानीपत।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को मुख्य अतिथि डॉ.ललित वर्मा डिप्टी सिविल सर्जन ने वाईआरसी काउंसलरस और कार्यकर्ताओं के साथ झंडा फहराया। वहीं, डॉ.ललित वर्मा, सुदेश प्रोजेक्ट मैनेजर टीआई और विकास अग्निशमक प्रशिक्षक ने अपने विषयों और अनुभव को कार्यकर्ताओं और काउंसलरस के साथ बांटा। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, वाईआरसी काउंसलर डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने पौधा.रोपित गमलें भेंट करके किया। तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाईआरसी कार्यकर्ताओं के लिए डेंटल चेकअप और हिमोग्लोंबिन की जांच हेतू हेल्थ कैंप लगाया गया। सांयकालीन सत्र में भाषण प्रतियोगिता, ग्रुप डांस और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके परिणाम अंतिम दिन घोषित किये जायेंगे। इस अवसर पर विभिन्न कालेजों से आये काउंसलरस प्रो.सुमन वर्मा, जीडीआर कॉलेज आफ एजुकेशन, प्रो. मंजली, वैश्य गर्ल्ज कॉलेज समालखा, डॉ.शिवाली देवगन एनसी कॉलेज आफ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल इसराना, प्रो.खुशबू वर्मा आर्य कॉलेज पानीपत, डॉ.किरण देवी चौधरी देवी लाल गर्ल्ज कॉलेज सिवाह आदि लोग मौजूद रहे।

## सनातन संस्कृति की राह पर चलकर ही भारत बनेगा विश्व गुरु : राधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के बलजीत नगर स्थित कच्चा काला आम रोड पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम के अतिथि के रूप में गोपाल कृष्ण, लाला प्रेम गर्ग, सुरेश चुघ की अगुवाई में नारी शक्ति ने मंगलगीत गाते हुए भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया। जबकि आशीर्वचन के रूप में पंड़ित राधे राधे महाराज ने सनातन संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक भारतवासी की महत्वपूर्ण भूमिका की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समाज का प्रत्येक वर्ग जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाए, यही समय की आवश्यकता है। वहीं, श्री सनातन संस्कृति की राह पर चल कर ही भारत फिर से विश्वगुरू बनेगा। इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भगत सिंह उपनगर कार्यवाह मनोज कुमार ने संघ के सौ वर्ष के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों एवं संघर्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने “पंच परिवर्तन” विषय को विस्तार से रखते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।


पंडित राधे राधे महाराज।

## आर्य कॉलेज में यज्ञ व पौधरोपण के साथ एनएसएस कैंप का शुभारंभ

# मानवता की निष्काम सेवा करें विद्यार्थीः डॉ. गुप्ता

**स्वयंसेवकों द्वारा “गलती उसकी थी” विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज, पानीपत की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम नांगलखेड़ी में “यूथ फॉर माय भारत” एवं “यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी” विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विशाल यउन्होंने कहा कि केवल ईटीपी इस समस्या का समाधान नहीं है बल्कि डीएलटी डिस्चार्ज लिमिट ट्रीटमेंट जैसा सख्त और स्थायी प्रावधान लागू किया जाना चाहिए। भले ही इस पर हजारों करोड़ रुपये खर्च हों।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता यज्ञ में आहुति भेंट करते हुए।

### एनएसएस थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया

उद्घाटन सत्र का प्रारंभ छात्रा मुस्कान द्वारा गणेश वंदना से हुआ। जबकि वंशिका, अंजलि एवं काशिश ने एनएसएस थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों द्वारा “गलती उसकी थी” विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जो महिला सशक्तिकरण पर आधारित रहा। इसके अतिरिक्त सान्या एवं समूह तथा हिमांशी द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही एनएसएस इकाई द्वारा पूरे सत्र में की गई गतिविधियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा तथा वे जीवन भर इन अनुभवों को याद रखेंगे। विद्यार्थी मानवता की निष्काम सेवा करें। दूसरी ओर, कैंप के प्रातःकालीन सत्र के उपरांत “यौन उत्पीड़न” विषय पर व्याख्यान हुआ। दूसरे व्याख्यान प्रेम हॉस्पिटल की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनी ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। सायंकालीन सत्र में फायर स्टेशन, पानीपत के विशेषज्ञों द्वारा अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई।

### विधायक भड़ाना ने बजट सत्र में डाई हाउस से बढ़ रहे प्रदूषण का मुद्दा उठाया

**समालखा।** हरियाणा विधानसभा बजट सत्र में समालखा से भाजपा विधायक मनमोहन भड़ाना ने सदन में जिला में विभिन्न डाई हॉउस से निकलते कैमिकल से बढ़ते जल प्रदूषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक मनमोहन ने कहा कि नए उद्योग स्थापित होना अच्छी बात है, वहीं, पानीपत की कई फैक्ट्रियों, विशेषकर डाइंग यूनिटों से निकलने वाला दूषित वेस्ट वाटर सीधे नालों और ड्रेन में डाला जा रहा है, जो आगे चलकर यमुना नदी में मिल रहा है। इससे न केवल यमुना प्रदूषित हो रही है, बल्कि समालखा क्षेत्र का भूजल गंभीर रूप से प्रभावित हो चुका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि समालखा हलके में पानी की गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है। प्रदूषित पानी के सेवन से हर आयु वर्ग के लोगों का स्वास्थ्य खराब हे रहा है।

## खबर संक्षेप

### ठगी का आरोपी एक दिन के रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** थाना पंजोखरा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार उर्फ लक्की के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता विशाल की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 4 लाख 40 हजार रूपये की राशि हड़प ली है। उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी दी है। अदालत ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर पुलिस के हवाले कर दिया है।

### फोरम में बिजली संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन डिविजन यूएचबीवीएन विद्युत सदन अम्बाला शहर कार्यालय स्थित में 26 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 से दोपहर 01:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के कार्यकारी अभियंता इसकी अध्यक्षता करेंगे। फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी।

### मकान के बाहर से एक्टिवा चोरी, केस

**अंबाला।** छावनी की पॉश शास्त्री कॉलोनी से चोर घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चुरा ले गए। पीड़ित ने अपने स्तर पर वाहन की काफी तलाश की लेकिन सुराग न लगने पर पुलिस को शिकायत दी है। पड़ाव थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शास्त्री कॉलोनी के दीपक कौशिक ने बताया कि सफेद रंग की होंडा एक्टिवा 22 फरवरी की शाम को अपने घर के सामने पार्क की थी। शाम को एक्टिवा गायब मिली।


### गीजर चुराने वाला पकड़ा पचास किलो तांबा बरामद

**अंबाला।** अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी स्थित मकान से बिजली फिटिंग की तार, गीजर चुराने वाले डेहा कॉलोनी के गौतम को पुलिस ने काबू कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में बलदेव नगर थाना पुलिस ने 23 फरवरी को वीटा कॉलोनी के सर्वजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी से 50 किलो तांबा तार भी बरामद कर ली है।

### चोरी की बाइक रखने के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** जाली नंबर प्लेट लगाकर चोरीशुदा बाइक रखने के मामले में पुलिस ने बराड़ा के फोक्सा गांव के बलदेव राज को काबू कर लिया। कोर्ट में पेश कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने 23 फरवरी को सूचना मिलने पर आरोपी को काबू किया था। अधोया बाबैन रोड के पास से काबू आरोपी बाइक के दस्तावेज नहीं दिखा पाया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया था।

### अनाज मंडियों में बदहाली पर भड़की विधायक पूजा



**बराड़ा।** मुलाना विधानसभा क्षेत्र की अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर विधायक पूजा ने विधानसभा में सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा से सवाल पूछते हुए मंडियों में जल निकासी, सड़कों की मरम्मत, सीसीटीवी कवरेज, चारदीवारी, गेट, पेयजल, शेड और अन्य आवश्यक अवसंरचना की स्थिति तथा इनके निर्माण/उन्नयन की समयसीमा पर जवाब मांगा। मंत्री द्वारा दिए गए जवाब में स्वीकार किया गया कि क्षेत्र की मंडियों में नई सड़कों का निर्माण, पुरानी सड़कों की विशेष मरम्मत, कवर्ड शेड, चारदीवारी और सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है।

## मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच संवैधानिक अधिकारों और विकास की परिभाषा पर जमकर बहस

# आहलुवालिया बिल्डिंग में सड़क निर्माण को लेकर भिड़े नप के सदस्य, पुलिस शिकायत के बाद थाने में हंगामा

- पूर्व नप सदस्य चित्रा सरवारा के नेतृत्व में थाने में पहुंची, भाजपा सदस्य के आरोपों को सिरे से नकारा, पूर्व सदस्य के घर रात को पुलिस आने पर चित्रा ने जताया कड़ा ऐतराज, एसपी को दी मामले की शिकायत





**अंबाला।** मामले को लेकर थाने के बाद जमा भीड़ व एसएचओ से बातचीत करती चित्रा सरवारा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा के नगर परिषद सदस्य शिवा काकरान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद अंबाला छावनी का सियासी पारा गर्म हो गया। इस मुद्दे को लेकर युवा नेत्री चित्रा सरवारा पूर्व नप सदस्य पार्षद अजय वालिया के समर्थन में सैकड़ों सहयोगियों के साथ थाने पहुंच गई। समर्थकों में नगर परिषद के सदस्यों के साथ, पंच, सरपंच व बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी। इस दौरान मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच संवैधानिक अधिकारों और विकास की परिभाषा पर जमकर बहस हुई। चित्रा सरवारा ने स्पष्ट किया कि विवाद का मूल कारण वार्ड में प्रस्तावित सड़क निर्माण है। उनके अनुसार संबंधित स्थल पर लगभग सात इंच मोटाई की सड़क पूर्व में निर्मित हो चुकी है। पूर्व सदस्य अजय वालिया ने यही कहा की इसको उखाड़कर फिर इसके ऊपर सड़क बना ले तो उनको क्या किसी भी व्यक्ति या मोहल्ले को कोई आपत्ति नहीं है। इतने में मौके के मौजूदा नप सदस्य शिवा काकरान बोले की फंड ही 5 लाख है। इससे ज्यादा नहीं है। तब वालिया ने बोला कि आप सड़क पर सड़क बना देंगे तो बरसात के दिनों में घर नीचे होने से पानी घरों में घुसेगा उसका जिम्मेदार कौन होगा?जबकि इस काम के लिए कोई टेंडर भी नहीं लगा। जब ठेकेदार कार्य प्रारंभ करने पहुंचे तो पूर्व सदस्य ने यह प्रश्न उठाया कि सुस्थित सड़क को पुनः उखाड़कर निर्माण की आवश्यकता क्या है? इसके लिए आदेश किस प्राधिकरण से जारी हुए हैं। उनका कहना था कि इसी आपत्ति को लेकर संवाद तीखा हुआ। दूसरी ओर शिकायत में आरोप लगाया गया कि आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस आरोप का खंडन करते हुए चित्रा ने कहा कि किसी की भावनाओं को आहत करने वाला कोई कथन नहीं किया गया, बल्कि विषय केवल विकास कार्य की औचित्यता तक सीमित था। उनके अनुसार विकास के नाम पर यदि अनावश्यक कार्य हो रहा है तो उस पर प्रश्न उठाना जनप्रतिनिधि का दायित्व है, अपराध नहीं। आरोप है कि घटना के बाद मौजूदा सदस्य शिवा की शिकायत करने के उपरांत सदर थाना पुलिस रात्रि लगभग 10:00 बजे एक महिला पूर्व सदस्य के निवास पर पहुंच गई। जबकि पुलिस के साथ कोई महिला पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थी। चित्रा ने बताया कि जब पुलिस आहलूवालिया बिल्डिंग में पूर्व सदस्य के घर के बाहर चिल्ला के उनको बुला रही है तो वे मौके पर पहुंच गई। हालांकि उनके पहुंचने से पहले ही पुलिस वहाँ से चली गई। चित्रा ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने तुरंत ही इसकी शिकायत तुरंत एसपी को की। पूर्व सदस्य के समर्थकों का आरोप है कि उस समय महिला पुलिस कर्मी साथ नहीं थी, जो प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता। बाद में पूर्व सदस्य अजय वालिया को अगले दिन प्रातः 11:00 बजे थाने में उपस्थित होने के लिए कहा गया। निर्धारित समय पर अजय वालिया चित्रा सरवारा व उनके समर्थकों तथा एक महिला अधिवक्ता प्रिया शर्मा के साथ थाना पहुंचीं। यहां थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शिकायत में दर्ज नाम को लेकर प्रारंभिक भ्रम उत्पन्न हुआ। तब यह स्पष्ट नहीं था कि संबंधित व्यक्ति महिला है या पुरुष । कहा कि भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पूर्व तथ्यों की निष्पक्ष और विधिसम्मत जांच की जाएगी।

### किसी पर अनावश्यक दबाव बनाना लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुकूल नहीं

पूर्व सदस्य अजय वालिया ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते कहा कि यदि विकास के नाम पर कोई अनुचित कार्य होता प्रतीत हो, तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना नागरिक चेतना का स्वाभाविक दायित्व है। यह भी जोड़ा कि यदि दूसरे पक्ष को आपत्ति है तो उसे भी विधिक अधिकार प्राप्त हैं, किंतु किसी पर अनावश्यक दबाव बनाना लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुकूल नहीं। चित्रा सरवारा के साथ थाने पहुंची महिला अधिवक्ता प्रिया शर्मा ने कहा कि जब तक दोनों पक्ष आमने-सामने उपस्थित होकर अपनी बात स्पष्ट नहीं करेंगे, तब तक निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि समझौते की संभावना बनती है तो उसका स्वागत होगा अन्यथा विधिक प्रक्रिया के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद चित्रा सरवारा अपनी पूर्व सदस्य अजय वालिया के साथ थाने से रवाना हो गई।

### खसरा नंबर 319 को डी सील करने के आदेश

**अंबाला।** नगर निगम की ओर से अवैध निर्माण के नाम पर की गई सीलिंग की कार्रवाई पर को मंडलायुक्त कोर्ट ने कैंसिल कर दिया। कोर्ट ने निगम के आदेशों को नियम विरुद्ध और अवैध करार देते हुए खसरा नंबर 319, पालिका विहार स्थित विवादित प्रॉपर्टी को तुरंत डी-सील करने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने निगम के 2021 के आदेश को असंगत बताते हुए रद्द कर दिया और संपत्ति को तुरंत खोलने का आदेश दिया। वादी भूपिंद्र सिंह ने नगर निगम के 5 जनवरी 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उनके व्यावसायिक भवन (ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर) को सील कर दिया गया था। निगम का तर्क था कि यह निर्माण बिना नक्शा पास कराए और बिना अनुमति के किया गया है, जो हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 263-ए का उल्लंघन है। मंडलायुक्त ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि नगर निगम ने निर्धारित 60 दिनों में कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे प्रार्थी को निर्माण का कानूनी अधिकार प्राप्त हो गया था।

## प्रशासन की तरफ से परीक्षाओं को लेकर की तैयारियों की विस्तार से ली जानकारी

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब के अफसरों को टिप्स, नहीं होनी चाहिए लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी परीक्षाएं पारदर्शी व नकलरहित करवाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परीक्षाओं के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं ठीक होनी चाहिए ताकि सभी जगहों पर परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के नजदीक अनावश्यक भीड़ भी नहीं होनी चाहिए। जो हिदायतें जारी की गई है उसकी अनुपालना सुनिश्चित होनी चाहिए, बेहतर माहौल होना चाहिए ताकि परीक्षार्थी अच्छे ढंग से परीक्षा दे सके। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों के सरपंचों के साथ भी बैठक लें ताकि ग्रामीण क्षेत्र में जहां पर भी परीक्षा केंद्र हैं वहां पर भी परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला में परीक्षाओं के तहत 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 42 शहरी क्षेत्र में तथा 14 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल रहेंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहेगी। इसके साथ-साथ परीक्षा के दिनों में परीक्षा केंद्रों के नजदीक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में कोई भी संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के दृष्टिगत जो आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं उसकी अनुपालना सुनिश्चित होगी। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एसडीएम व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा के दिनों में परीक्षा केन्द्रों का जायजा लें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाएं ठीक होनी चाहिएं। परीक्षार्थियों को परीक्षा के तहत बेहतर वातावरण उपलब्ध होना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वह सभी आई कार्ड पहनना सुनिश्चित करेंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जो हिदायतें जारी की गई है उसकी अनुपालना सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बेहतर समन्वय बनाकर पारदर्शी व नकलरहित परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करवाएं। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईओ अंकित, बीईओ ज्योति सभ्रवाल भी मौजूद रही।

### परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया

**अंबाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही 12वीं की परीक्षा के तहत एसडीएम दर्शन कुमार ने प्रेमनगर सीनियर सैकेंडरी स्कूल, केपीएके सीनियर सैकेंडरी स्कूल नदी मोहल्ला के साथ-साथ अंबाला शहर में बनाए कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों की विस्तार से जानकारी ली। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था की भी जानकारी ली।

# खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

*प्रतियोगिता का शुभारंभ पैरा ओलंपियन व स्पोर्ट्स विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रामपाल चाहर ने किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** हाइजंप स्पर्धा में हिस्सा लेता खिलाड़ी।

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में दो दिवसीय सालाना खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पैरा ओलंपियन व स्पोर्ट्स विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रामपाल चाहर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी भी ली। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने मुख्य अतिथि के कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट किया। पैरा ओलंपियन रामपाल चाहर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को हासिल करें उन्होंने कहा कि मेहनत व लग्न के आगे हर लक्ष्य छोटा होता है। इसलिए आज ही अपना लक्ष्य निर्धारित करें व उनको हासिल करने के लिए जुट जाएं। खेल विभाग के इंचार्ज प्रो. मुन्ना चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय सालाना खेलकूद प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों की सौ मीटर, दो सौ मीटर,चार सौ मीटर व आठ सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा डिस्कस थ्रो,जेवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कल समापन अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर नीरज शर्मा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इस मौके पर प्रो. पूनम राजौरा, प्रो. प्रियंका व प्रो. प्रभजोत ने मंच संचालन किया।

### मतदाता सूची का 28 को होगा पब्लिकेशन

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निगम चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य के तहत जो कार्य एवं गतिविधियां की जा रही है उसकी समीक्षा करते दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उनके साथ एडीसी विराट, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, संयुक्त आयुक्त पुनीत, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक व भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के तहत वार्ड वाईज मतदाता सूची का कार्य किया जा रहा है जोकि 27 को वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। 28 को पब्लिकेशन किया जाएगा।



**अंबाला।** शिविर में रक्तदान करते हुए छात्र व अन्य।

## राजकीय महाविद्यालय में शिविर का आयोजन

# शिविर में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में यूथ रेड क्रॉस, महिला प्रकोष्ठ एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य रोहित कुमार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) चंडीगढ़ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग से आई चिकित्सा टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। चिकित्सकों द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों, महिला प्रकोष्ठ की छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रो. नरेश कुमार, डॉ. दीपक, डॉ. राकेश, डॉ. परवीन ने रक्तदान किया।

### आभार व्यक्त किया

शिविर के दौरान रक्तदाताओं को विश्वास फाउंडेशन, सेक्टर-9 पंचकूला की ओर से साध्वी नीलिमा के सहयोग से पुरस्कार, जलपान एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंत में यूथ रेड क्रॉस एवं महिला प्रकोष्ठ समिति ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सक दल एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। यह रक्तदान शिविर समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## आस्था | मारकंड्य मंदिर में मनाया बाबा मस्तनाथ का नवमी पर्व

# सिद्ध शक्तियों के चलते बाबा मस्तनाथ संसार में प्रसिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**अंबाला।** कार्यक्रम में आयोजित अखाड़े में लोकगीतों पर प्रस्तुति देते कलाकार।

यहां स्थित मारकंड्य मंदिर पर बाबा मस्तनाथ की नवमी का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा व पंजाब से सैंकड़ों की तादात में पहुंचे साधु समाज ने भाग लिया। इस अवसर पर साधु समाज ने धर्म को लेकर भी चर्चा की । इस अवसर पर देसी घी से निर्मित प्रसाद के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा मस्तनाथ की नवमी पर दूर दूर से श्रद्धालु यहां माथा टेकने पहुंचे। मंदिर में बाबा उजागर नाथ ने बताया कि बाबा मस्त नाथ का मुख्य स्थान रोहतक जिले के गांव अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ की तपोभूमि है। बाबा उजागर नाथ का कहना है कि बाबा मस्तनाथ का अवतरण कसरेटी गांव में सबला के यहां हुआ था। सबला को अपने काम के लिए उंटों पर सामान लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ता था। इसी दौरान एक बार उनकी भेंट गोरक्षनाथ से हुई। सबला की भक्तिभावना और श्रद्धा से प्रसन्न होकर गोरक्षनाथ ने उन्हें पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया। स्वयं ही योगबल से एक साल बाद उनके घर जन्म लिया जोकि बाद में बाबा मस्तनाथ कहलाए। करामाती और सिद्ध शक्तियों के चलते बाबा मस्तनाथ संसार में प्रसिद्ध हुए। उन्होंने बताया कि नाथ संप्रदाय के 12 पंथ हैं। बाबा उजागर नाथ का कहना है कि मारकंड्य मंदिर में यह कार्यक्रम पिछले 35 वर्षो से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पंजाब व हरियाणा से साधु पहुंचते है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर धार्मिक भजनों व गीतों के लिए एक अखाड़ा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अखाड़े में पंजाब से आए कलाकारों ने अपने लोकगीतों के माध्यम से समा बांध दिया। इस अवसर पर कुंबड़ा सुहाना, भगत आशा राम के चेलों ने पुआदी बोली में अखाड़ा लगाया। जिस में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। द्धुधली से नाथ पंत के साधु भोला नाथ, यमुनानगर से मुश्कान नाथ, गोपाल वासुदेव, राम बालक दास का चेला , भरतनाथ ,जलबेडा से खुजान नाथ समेत भारी संख्या में साधु मौजूद रहे।